आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में आज विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।
- डाक विभाग ने नई सुविधाओं के साथ अंतर्देशीय स्पीड पोस्ट शुल्क में संशोधन किया है।
- गाराचरमा जल उपचार संयंत्र से सबंधित क्षेत्रों में 29 सितंबर तक जलपूर्ति में 30 प्रतिशत की कटौती की जाएगी ।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने 3 अक्टूबर, को श्री विजय पुरम और कैंपबेल बे के बीच एक अतिरिक्त जलयान सेवा की व्यवस्था की है।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस वर्ष का विषय, "पर्यटन और सतत परिवर्तन", रखा गया है। द्वीपसमूह में प्रशासन ने लंबे समय से पर्यटन को द्वीपों के समग्र विकास के एक प्रमुख कारक के रूप में मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि समुद्र तटों, हरे–भरे जंगलों, प्रवाल भित्तियों और विश्व स्तरीय जल क्रीड़ाओं के कारण द्वीपसमूह दुनिया भर के पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बने हुए हैं। उप–राज्यपाल ने द्वीप विकास एजेंसी के मार्गदर्शन में, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर 'आत्मनिर्भर' और 'विकसित भारत' के विजन में सार्थक योगदान देने का अनुरोध किया है।

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष मोहन विनोद ने भी विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन हितधारकों को बधाई दी है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से यूनाईटेड नेशन वर्ल्ड टूरिज़्म ऑर्गनाइजेशन के वैश्विक विषय "पर्यटन और सतत परिवर्तन" के तहत द्वीपों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

इस सिलसिले में आज हवाई अड्डे के मुख्य प्रवेश द्वार, राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल और स्वराज द्वीप एवं शहीद द्वीप जेट्टी पर पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। सुबह 10 बजे से हैडो के मेगापोड नेस्ट के सम्मेलन कक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और सुबह 9 बजे से वंडूर में शतरंज और स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

डाक विभाग ने अंतर्देशीय स्पीड पोस्ट शुल्क में संशोधन किया है और विश्वसनीयता, सुरक्षा और ग्राहक सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से नई सुविधाएँ शुरू की हैं। संचार मंत्रालय ने कहा है कि संशोधित शुल्क अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगा। स्थानीय क्षेत्रों में स्पीड पोस्ट के लिए, 50 ग्राम तक वजन वाली वस्तुओं के लिए नया शुल्क 19 रुपये होगा। 50 से 250 ग्राम तक के लिए 24 रुपये और 250 से 500 ग्राम वजन वाली वस्तुओं के लिए शुल्क 28 रुपये होगा। इसके अलावा, 2 सौ से 2 हजार किलोमीटर तक की दूरी के लिए 50 ग्राम तक वजन वाली वस्तुओं पर 47 रुपये का शुल्क लगेगा।स्पीड पोस्ट के लिए शुल्क दूरी के आधार पर 70 से 93 रुपये तक संशोधित किया गया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि स्पीड पोस्ट वस्तुओं पर भी जी.एस.टी. लागू होगा। छात्रों के लिए स्पीड पोस्ट शुल्क पर 10 प्रतिशत की छूट शुरू की गई है। इसके अलावा, नए थोक ग्राहकों को 5 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि स्पीड पोस्ट के तहत दस्तावेजों और पार्सल दोनों के लिए पंजीकरण एक मूल्यवर्धित सेवा के रूप में भी उपलब्ध है। संचार मंत्रालय ने कहा कि स्पीड पोस्ट के लिए शुरू की गई नई सुविधाओं में ओ.टी.पी.–आधारित सुरक्षित वितरण, ऑनलाइन भुगतान सुविधा, एस.एम.एस.–आधारित वितरण सूचनाएं और वास्तविक समय वितरण अपडेट शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने बागानी फसलों में कीट संक्रमण का आंकलन करने के लिए लिटिल अंडमान में छह सदस्यीय केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय समिति तैनात की है। इस टीम में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, क्यारी और केंद्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन केंद्र के विशेषज्ञ शामिल हैं, जो स्थिति का जमीनी स्तर पर आंकलन करेगी। इस संबंध में स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासन ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से एक विशेषज्ञ टीम को बुलाने का प्रस्ताव भी शुरू किया है।

<><><><><><><>

नए स्थानांतरित किए गए 375 एचपी डीजल पंप की अचानक मरम्मत और कोलकाता से मरम्मत किए गए ईंधन पंप के परिवहन में हुई देरी के कारण, बिजली कटौती के दौरान गाराचरमा जल उपचार संयंत्र सामान्य आपूर्ति में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, 29 सितंबर तक गाराचरमा जल उपचार संयंत्र से सबंधित क्षेत्रों में 30 प्रतिशत कटौती कर तीसरे दिन जलापूर्ति की योजना बनाई गई है। इस दौरान पानी के टैंकरों की आपूर्ति केवल लंबा लाइन ट्रीटमेंट प्लांट से ही उपलब्ध होगी।

<><><><><><>

आगामी त्यौहार को देखते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से 3 अक्टूबर, को श्री विजय पुरम और कैंपबेल बे के बीच एक अतिरिक्त जलयान सेवा की व्यवस्था की गई है। यह जलयान अन्य द्वीपों में भी जाएगा। एम वी कालीघाट 3 अक्तूबर को दोपहर 3 बजे हैडो जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और 06.अक्तूबर को दोपहर 12 बजे कैंपबेल बे से इन्हीं मार्गों से होते हुए श्री विजय पुरम के लिए वापसी करेगा। यात्री इस यात्रा के लिए टिकट ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटरों पर आज सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच बुक करा सकते हैं।

<><><><><><>

निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने हाल ही में कामोर्टा द्वीप पर नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का आधिकारिक उद्घाटन किया। 25 कमरों और 50 बिस्तरों वाला यह ट्रांजिट हॉस्टल कामोर्टा में तैनात सरकारी कर्मचारियों, छात्रों और कच्छाल, तेरेसा और चौरा जैसे द्वीपों के निवासियों के लिए अस्थायी आवास प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। जिला उपायुक्त ने जनजातीय समुदायों के कल्याण मेंऐसी सुविधाओं के महत्व पर ज़ोर दिया।

<><><><><><>

जी बी पंत अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्रालय के कायाकल्प योजना के तहत समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जन भागीदारी पहल की शुरूआत की गई है। इस अभियान में गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता और सीएसआर गतिविधि से जुड़े संस्थानों सहित जागरूक नागरिकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों में योगदान दे सके।

<><><><><><>

राष्ट्रव्यापी "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत, कल मरीना पार्क में एक प्रदेश स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने नगरपालिका परिषद की 3आर टीम और स्कूली छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की। कार्यक्रम में  वेस्ट टू वेल्थ पर नवीन परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा "एक पेड़ माँ के नाम" विषय के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। उपराज्यपाल ने उपस्थिति को स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पार्षद, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली छात्र और आम जनता शामिल हुए।

<><><><><><><>

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत, ग्रामीण विकास निदेशालय की ओर से पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों और स्वयं सहायता समूहों के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया गया। यह शिविर गैर–संचारी रोगों और क्षय रोग का शीघ्र पता लगाने और रोकथाम पर केंद्रित था। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त उपायुक्त ने कहा कि यह पहल "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।  उन्होंने कहा कि अन्य सरकारी विभागों और संस्थानों में भी इसी तरह के स्वास्थ्य जांच शिविरों की योजना बनाई गई है।

<><><><><><><>